# उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार
**UTTARAKHAND SANSKRIT UNIVERSITY, HARIDWAR**

बहादराबाद, हरिद्वार – दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग

BAHADARABAD, HARIDWAR-DELHI NATIONAL HIGHWAY

पो0 – बहादराबाद (हरिद्वार)– 249402

P.O. : BAHADARABAD (HARIDWAR)-249402

Website : www.usvv.ac.in


पत्रांक 27 / DJMR / 2024 दिनांक 17 मई, 2024

## सूचना

सभी स्वाशास्त्रनिष्णात विद्वानों एवं शोध छात्र/छात्राओं को सादर सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के भाषा एवं आधुनिक ज्ञान–विज्ञान विभाग द्वारा अर्द्धवार्षिक, पीयर रिव्यूड एवं रेफ़ीड शोध पत्रिका **"देवभूमि जर्नल ऑफ** मल्टीडिसिप्लिनरी **रिसर्च"** (DJMR) का जून, 2024 का अंक प्रकाशित किया जाना है, जिस हेतु शोध पत्र अधोलिखित निर्देशों के अनुसार आमंत्रित किये जाते है। **टंकित शोध पत्र ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 15.06.2024** तक djmrusvv@gmail.com पर प्रेषित किये जाने है।

## शोध पत्रों के प्रकाशनार्थ नियम एवं निर्देश

1. शोधपत्र की भाषा संस्कृत/हिन्दी/अंग्रेजी होनी चाहिए।
2. शोध लेख मूल्यांकन के पश्चात् प्रकाशित किए जायेंगे। अतः लेखक/लेखिकाओं से अपेक्षा है कि वे मानकानुरूप शोध लेखों को ही शोध पत्रिका में प्रकाशनार्थ प्रेषित करेंगे।
3. शोध पत्र मौलिक, सुसंगत, प्रमाणिक एवं तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। लेखक अपने स्तर से यह सुनिश्चित करेंगे कि शोध पत्र Plagiarism से मुक्त है।
4. शोध पत्र के निष्कर्ष की सम्पुष्टि करने हेतु न्यूनतम 20 सन्दर्भ/प्रमाण आवश्यक है।
5. शोध पत्र Unicode में type और पाद–टिप्पणियाँ (Footnote) शोधपत्र के अन्त में लिखी जानी चाहिए। शोध पत्र 2000 से 3500 शब्दों में निबद्ध होना चाहिए।
6. हिन्दी एवं संस्कृत भाषा के शोध पत्र टंकण करते समय यह आवश्यक है कि शीर्षक 16, लेखक के नाम 15 लेख 14 तथा Footnote का font Size 12 होना चाहिए।
7. अंग्रेजी भाषा के शोध पत्र Time New Roman में Title 14, Name& Text 12 एवं Footnote 9 में type होने चाहिए।
8. किसी भी शोध पत्र के Copyright का अधिकार **"देवभूमि जर्नल ऑफ मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च"** के पास सुरक्षित रहेगा।
9. चयनित शोध पत्र निःशुल्क प्रकाशित किये जायेंगे।

**(डॉ. उमेश कुमार शुक्ल)**
कार्यकारी सम्पादक

**प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निजी सचिव, मा. कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ
2. कुलसचिव महोदय।
3. वित्त नियन्त्रक महोदय।
4. उपकुलसचिव।
5. संकायाध्यक्ष अकादमिक।
6. विश्वविद्यालय के समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/प्रभारी विभागाध्यक्ष/सहायक आचार्य।
7. शोध अधिकारी।
8. श्री सुशील कुमार चमोली, सहायक आचार्य, कम्प्यूटर विज्ञान को इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
9. सूचना पट्ट।

**(डॉ. उमेश कुमार शुक्ल)**
कार्यकारी सम्पादक